प्रादेशिक समाचार
दिनांक–07.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **घाटशिला उपचुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू, 13 अक्तूबर से शुरु होगी नामांकन की प्रक्रिया, 11 नवम्बर को डाले जायेंगे वोट।**
2. **कफ सिरप को लेकर झारखंड में भी सख्ती, तीन ब्रांड पर लगा प्रतिबंध, बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप की बिक्री पर लगायी गयी रोक।**
3. **राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हजारीबाग में शिक्षक की कथित पिटाई से बच्चे की मौत मामले पर मुख्य सचिव और एसपी को भेजा नोटिस, दो हफ्ते में मांगा जवाब।**
4. **हजारीबाग जमीन घोटाला मामले में एसीबी की बड़ी कार्रवाई, चतरा की डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी को किया गिरफ्तार।**
5. **इंदौर में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय बायथल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ी प्रेम कुमार का शानदार प्रदर्शन जारी, दूसरे दिन स्वर्ण पदक पर जमाया कब्जा।**

****

चुनाव आयोग ने घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की तारीख की घोषणा कर दी है। इस सीट के लिए 11 नवंबर को वोट डाले जायेंगे जबकि 14 नवंबर को नतीजे घोषित होंगे। पूर्वी सिंहभूम के जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने बताया कि उपचुनाव की घोषणा के साथ ही घाटशिला विधानसभा क्षेत्र में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गयी है। उन्होंने बताया कि उपचुनाव की अधिसूचना 13 अक्तूबर को जारी होगी और इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरु हो जायेगी।

****

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों के बाद झारखंड में भी कफ सिरप को लेकर सख्ती बरती जा रही है। झारखंड में भी कोल्ड्रिफ, रेसपीफ्रेश और रीलाइफ कफ सिरप पर प्रतिबंध लग गया है। राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय ने इसे लेकर आदेश जारी किया है। इस बीच रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने बिना डॉक्टर की पर्ची के कफ सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। रांची सदर अस्पताल के सिविल सर्जन डा. प्रभात कुमार ने कहा कि पांच साल के बच्चों को कफ सिरप देना ही नहीं है।

****

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने हजारीबाग स्थित एक आवासीय विद्यालय में एक शिक्षक द्वारा कथित तौर पर पिटाई किए जाने के कारण पांच वर्षीय बच्चे की मौत की घटना पर स्वतः संज्ञान लिया है।

आयोग ने इसे लेकर मुख्य सचिव और हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर मामले की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। आयोग ने कहा है कि यदि मीडिया रिपोर्ट की सामग्री सही है तो यह मानवाधिकार के उल्लंघन का गंभीर मामला बनता है।

****

हजारीबाग के चर्चित हीराबाग खासमहाल जमीन घोटाला मामले में एसीबी की टीम ने हजारीबाग सदर की तत्कालीन सीओ और चतरा की डीआरडीए निदेशक अलका कुमारी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले एसीबी की टीम ने जमीन कारोबारी विजय प्रताप सिंह को भी इस मामले में गिरफ्तार किया था। इस मामले में अब तक पांच गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। हजारीबाग के तत्कालीन डीसी विनय चौबे, तत्कालीन खासमहाल पदाधिकारी विनोद चन्द्र झा और व्यवसायी विनय सिंह भी इस मामले में गिरफ्तार हो चुके हैं।

****

राज्य के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के भविष्य और शिक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए गंभीर है कि कोई भी पात्र विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित न रहे। वे रांची के मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में कल्याण आयुक्त कुलदीप चौधरी एवं अन्य अधिकारियों के साथ छात्रवृत्ति वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा कर रहे थे।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। हमारी संवाददाता ने बताया है कि जीएसटी सुधार गुजरात की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देंगे।

****

झारखंड में पहली बार सीसीएल की ओर से 8 और 9 अक्टूबर को नेशनल पीआर कॉनक्लेव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम रांची स्थित सीसीएल मुख्यालय, दरभंगा हाउस स्थित गंगोत्री कन्वेंशन सेंटर में होगा। कार्यक्रम में देशभर से संचार, मीडिया, ब्रांडिंग और पब्लिक रिलेशंस जगत की कई हस्तियां एक मंच पर एकत्रित होंगी।

****

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी आदि कर्मयोगी अभियान के सफल संचालन को लेकर हजारीबाग में कई स्तरों पर उपाय किये जा रहे हैं। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं

****

राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकत्तर जिलों में 9 अक्तूबर तक बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार 10 अक्तूबर से रांची सहित अधिकांश जिलों में मौसम साफ होने लगेगा।

****

मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित 14वीं राष्ट्रीय बायथल प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ी प्रेम कुमार का शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन उन्होंने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता का आज आखिरी दिन है। यह प्रतियोगिता मॉडर्न पेंटाथलॉन फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत में आयोजित की जा रही है, जिसमें देशभर से प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

****

और अब अख़बारों की सुर्खियां–

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने चुनाव आयोग द्वारा बिहार विधानसभा चुनाव और घाटशिला उपचुनाव की घोषणा की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

प्रभात खबर लिखता है– घाटशिलाः सहानुभूति लहर रोकना चुनौती, जेएलकेएम पर नजर।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– रांची का बड़ा तालाब... 1842 में 53 एकड़ में बना था, अब 17 एकड़ में सिमट गया।

हिन्दुस्तान के शब्द हैं– सारंड अभ्यारण पर दिल्ली में विधि विशेषज्ञों से विमर्श कर रहे सीएम।

दैनिक जागरण ने लिखा है– पटना में आज तय होगा राजद, कांग्रेस और झामुमो के बीच सीटों का फार्मूला।

*********समाप्त***************